हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार 13 जनवरी 2026


तापमान

अधिकतम 18.0 डिग्री

न्यूनतम 0.6 डिग्री


12 फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर कृषि विभाग ...




12 लोग बोले, बीसी बाजार को इंदौर न बनाएं ...








## खबर संक्षेप

### चोरों ने 10 किसानों के ट्यूबवेल से चुराई मोटरें

**यमुनानगर।** सर्दी बढ़ने के साथ ही ट्यूबवेल से मोटरें चोरी होने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। इसी कड़ी में चोरों ने गांव टापू कमालपुर व कलानौर क्षेत्र से एक रात में 10 किसानों के ट्यूबवेल से मोटरें चोरी कर ली। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव टापू कमालपुर निवासी बेशेसर नाथ ने सदर यमुनानगर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 10 जनवरी की शाम को वह खेतों से काम खत्म करके घर आ गए थे। सुबह जब वह खेतों में गए तो उसे अपने ट्यूबवेल के कमरे की दीवार टूटी मिली। जांच करने पर अंदर से मोटर गायब थी।

### फेक आईडी से फोटो की वायरल, चार पर केस

**यमुनानगर।** शहर के प्रोफेसर कॉलोनी निवासी अनिल कुमार ने चार युवकों पर इंस्टाग्राम पर फेक आईडी बनाकर उसकी तथा उसके परिवार के सदस्यों की फोटो वायरल करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि आरोपियों ने उनकी फोटो पर अभद्र टिप्पणी की। जब उन्होंने आरोपियों से बात की तो उन्होंने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद चारों आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### अंबालाः युवती ने फंदे से लटककर दी जान

**अंबाला।** अंबाला कैंट के बोह गांव की अर्चना (22) ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने जब कमरे में जाकर देखा तो युवती का शव फंदे से झूल रहा था। महेश नगर थाना पुलिस ने शव को उतारने के बाद कागजी कार्रवाई कर कैंट के नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया। युवती लंबे समय से मानसिक तौर पर परेशान चल रही थी। फिलहाल फंदा लगाने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

### इलेक्ट्रीशियन पर पंचनुमा हथियार से हमला

**यमुनानगर।** जिले के बूडिया थाना क्षेत्र स्थित प्लाईवुड फैक्ट्री में काम कर रहे इलेक्ट्रीशियन पर पंचनुमा हथियार से हमला कर घायल कर दिया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। आरोप फैक्ट्री ठेकेदार अर्जुन व उसके दो अन्य साथियों पर लगा है। आरोपी अर्जुन को नामजद करते हुए दो अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## जर्मनी में इंटरनेशनल टेक्सटाइल का भव्य शुभारंभ

विकास चौधरी ▶▶| पानीपत

# पानीपत के 250 टेक्सटाइल एक्सपोर्टर ले रहे हैं भाग, यूरोप, एशिया, ऑस्ट्रेलिया महाद्वीपों के बायर्स से टेक्सटाइल उत्पादों के ऑर्डर्स मिलने की संभावना

जर्मनी के फ्रैंकफर्ट शहर में इंटरनेशनल टेक्सटाइल फेयर का शुभारंभ हो गया है। वही इस बार 16 जनवरी तक चलने वाले इस इंटरनेशनल टेक्सटाइल फेयर को आयोजकों ने हेमटेक्स्किटल-2026 नाम दिया है। टेक्सटाइल मेला में पानीपत के करीब ढाई सौ एक्सपोर्टर भाग ले रहे हैं। एक्सपोर्टर, मेला में अपने स्टॉल्स लगाकर अपने टेक्सटाइल उत्पादों का प्रदर्शन विदेशी बायर्स के समक्ष करेंगे। स्मरणीय है कि टेक्सटाइल के इस इंटरनेशनल फेयर में पूरी दुनिया के टेक्सटाइल बायर्स भाग लेते हैं और विभिन्न टेक्सटाइल उत्पादों को देखते हैं, माल पसंद आने पर विदेशी



बायर्स टेक्सटाइल उत्पाद के ऑर्डर खाका तैयार करते हैं। यदि इंपॉर्टेंट और एक्सपोर्टर के बीच टेक्सटाइल उत्पाद पर बात बन जाती है, तो फिर बायर, उसे देश के एक्सपोर्टर के पास जाकर माल की खरीदफिरोख्त की सौदेबाजी का ऑर्डर दे देते हैं।

### भारत की चुनौती चीन, पाक, बांग्लादेश और तुर्की के टेक्सटाइल एक्सपोर्टर से

वहीं, इंटरनेशनल टेक्सटाइल फेयर में भारत के कंपीटीटर देश चीन, पाकिस्तान, बांग्लादेश, तुर्की के टेक्सटाइल एक्सपोर्टर भी भाग ले रहे हैं। इधर आने की अमेरिका द्वारा भारत के उत्पादों पर टैरिफ लगाने के चलते पानीपत के एक्सपोर्टर्स को अमेरिका से टेक्सटाइल उत्पादन के नामचारे के आर्डर मिलने आशंका सता रही है। स्मरणीय है कि अमेरिका में टैरिफ बढ़ने से वहां पर टेक्सटाइल उत्पादों की कीमत बढ़ जाती है, ऐसे तनावपूर्ण आर्थिक माहौल में इंपॉर्टेंट और एक्सपोर्टर की सोदेबाजी सीरे नहीं चढ़ पाती। वहीं अमेरिका और भारत के बीच अकेले पानीपत से करीब 10 हजार करोड रुपए का टेक्सटाइल कारोबार होता रहा है। वहीं अमेरिका और भारत के बीच चल रहे आर्थिक तनाव का पूरा फायदा भारत के कंपीटीटर देश जैसे पाकिस्तान, बांग्लादेश, तुर्की और चीन उठा सकते हैं।

### ऑस्ट्रेलिया, साऊथ अमेरिका एशिया अफ्रीका महाद्वीपों पर ज्यादा फोकस

वहीं, दूसरी ओर, पानीपत एक्सपोर्टर एसोसिएशन के पूर्व चेयरमैन प्रोफेसर रामनिवास गुप्ता ने बताया कि अमेरिका से चल रहे आर्थिक तनाव के चलते पानीपत के टेक्सटाइल एक्सपोर्टर का पूरा फोकस ऑस्ट्रेलिया, साऊथ अमेरिका, एशिया, अफ्रीका महाद्वीपों के देशों के टेक्सटाइल बायर्स पर ज्यादा रहने की संभावना है। पानीपत कारपेट मैन्युफैक्चरर एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र मलिक ने बताया कि वर्तमान में पूरी दुनिया में राजनीतिक उथल-पुथल और वैश्विक आंशिक युद्धक अशांति, आर्थिक तनाव के दौर से गुजर रही। ऐसी हालत में जर्मनी में चल रहे टेक्सटाइल फेयर में विदेशी बायर्स के साथ पानीपत के एक्सपोर्टर का कोई लंबा चौड़ा कारोबारी खाका तैयार होने की उम्मीद नहीं है।

### गैर अमेरिकी विदेशी बायर्स से अच्छा रिस्पॉन्स मिलेगा: धमीजा

हरियाणा चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, पानीपत चैप्टर के चेयरमैन विनोद धमीजा ने बताया कि उम्मीद पर दुनिया कायम है। वहीं, पानीपत के एक्सपोर्टर फ्रैंकफर्ट में चल रहे हैं इंटरनेशनल टेक्सटाइल फेयर में बढ़-चढकर भाग ले रहे हैं और उन्हें पूरी उम्मीद है कि इस बार मेला में उन्हें गैर अमरीकी विदेशी बायर्स से अच्छा रिस्पॉन्स मिलेगा। उन्होंने बताया कि यूरोप, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया महाद्वीपों के देशों से, एशिया महाद्वीप के खाड़ी देशों से, जापान, थाईलैंड, वियतनाम, कंबोडिया, फिजी, मलेशिया जैसे बड़े पर्यटन वाले देश के टेक्सटाइल कारोबारियों से उन्हें अच्छा खास रिस्पांस मिलने की उम्मीद है। टेक्सटाइल एक्सपोर्टर धर्मवीर सिंह ने बताया कि भारत और अमेरिका के बीच हजारों करोड़ रुपए का टेक्सटाइल कारोबार होता रहा है। अकेले पानीपत से अमेरिका को करीब 12000 करोड रुपए से अधिक का टेक्सटाइल उत्पादों का निर्यात किया जाता रहा है।

करनाल की अशोक विहार कॉलोनी में हादसा

# ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आई 5 वर्षीय बच्ची

### इलाज के लिए चंडीगढ़ पीजीआई रेफर किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल जिले के मधुबन क्षेत्र में सोमवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब घर के बाहर साइकिल चला रही पांच साल की मासूम बच्ची को रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने टक्कर मार दी। हादसे में बच्ची को गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद वह मौके पर ही बेहोश हो गई। परिजन उसे तत्काल निजी वाहन से मधुबन अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से चिकित्सकों ने उसकी नाजुक हालत को देखते हुए




चंडीगढ़ पीजीआई रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार अशोक विहार कॉलोनी निवासी रामकुमार ने पुलिस को बताया कि उनकी नातिन प्रीत, जो गांव गुलियाना निवासी बलराज की बेटी है, दोपहर के समय गली में अपनी छोटी साइकिल पर खेल रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार और लापरवाही से चल रही रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली अचानक गली में दाखिल हुई और सीधे बच्ची को कुचलते हुए निकल गई। हादसे के बाद कॉलोनी के लोगों की मदद से बच्ची को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों के अनुसार सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आने के कारण उसे पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया है, जहां उसका उपचार जारी है और डॉक्टर लगातार निगरानी कर रहे हैं।

### हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर लेकर फरार

घटना के बाद आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर ट्रैक्टर की पहचान सामने आई। बताया गया कि ट्रैक्टर महिंद्रा 265 मॉडल का है, जिसका रंग लाल है। चालक हादसे के बाद ट्रैक्टर लेकर मौके से फरार हो गया। शिकायतकर्ता का कहना है कि सामने आने पर वह ट्रैक्टर और चालक दोनों को पहचान सकता है। मधुबन थाना पुलिस ने अस्पताल से प्राप्त दस्तावेजों और शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# तरावड़ी के पास हाईवे पर पलटा कैंटर पीछे से आई कार टकराई, लगा जाम

### हाइड्रा से हटवाए गए पॉलिथीन रोल

**तरावड़ी।** तरावड़ी के समीप नेशनल हाईवे पर सोमवार सुबह घने कोहरे के कारण एक कैंटर का संतुलन बिगड़ गया, जिससे वह सडक़ के बीचोंबीच पलट गया। कैंटर के पलटते ही उसके पीछे से आ रही एक कार उससे जा टकराई। हादसे के बाद हाईवे पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। गनीमत रही कि दोनों वाहनों में सवार लोग सुरक्षित रहे और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। सोमवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे दिल्ली की ओर जा रहा एक कैंटर तरावड़ी के पास पहुंचा। कैंटर में बड़े-बड़े पोली रोल लदे हुए



**तरावड़ी।** हादसे के बाद कार को साइड मे करवाते पुलिस कर्मी व अन्य फोटो: हरिभूमि

थे। घने कोहरे के कारण चालक को आगे का रास्ता स्पष्ट दिखाई नहीं दिया, जिससे कैंटर असंतुलित होकर पलट गया और बीच सड़क में आकर रुक गया। कैंटर के पलटते ही पीछे से आ रही एक कार उससे टकरा गई। टक्कर के कारण कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और तुरंत पुलिस को सूचना दी। लोगों ने सतर्कता दिखाते हुए अन्य वाहनों को धीमी गति से निकालने में मदद की, ताकि कोई दूसरा हादसा न हो। हाईवे पर फैले पोली रोल को हटवाने की व्यवस्था की गई। सभी पोली रोल को निकालकर डिवाइडर के बीच सुरक्षित रखा गया।

हॉकी इंडिया लीग में एसजी पाइपर्स की कप्तान प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहीं

# महिला हॉकी लीग में इतिहास रचने वाली नवनीत कौर को पलकों पर बैठाया

### पिछले एडिशन में टीम अंतिम स्थान पर रही थी, इस बार टीम ने चैंपियनशिप जीती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद



**शाहबाद।** नवनीत कौर का स्वागत करते सुभाष कलसाना व अन्य भाजपा कार्यकर्ता।

हॉकी इंडिया लीग का खिताब जीतने वाली एसजी पाइपर्स टीम की कप्तान और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब जीत कर शाहाबाद मारकंडा और देश का नाम रोशन करने वाली नवनीत कौर के सम्मान में नगर के विश्रामगृह में भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। भाजपा नेता सुभाष कलसाना और भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से नवनीत कौर का गर्मजोशी से अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर लोहड़ी पर्व भी नवनीत कौर को समर्पित किया गया। स्वागत के दौरान सुभाष कलसाना ने कहा नवनीत कौर शाहबाद की आन-बान और शान हैं। उन्होंने अपनी मेहनत, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता से यह साबित कर दिया है कि बेटियां किसी से कम नहीं हैं। फाइनल मुकाबले में कई कठिन मौके आए, लेकिन टीम ने संयम बनाए रखा और अपनी रणनीति से काम करते हुए जीत हासिल की। पूरे टूर्नामेंट में नवनीत ने शूटआउट सहित 6 गोल कर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। सम्मान से अभिभूत नवनीत कौर ने इसका श्रेय अपने कोच बलदेव सिंह, परिजनों व खेल प्रेमियों को दिया और भव्य स्वागत के लिए सुभाष कलसाना का आभार व्यक्त किया। रविन्द्र सांगवान ठोली, अमरजीत सिंह डांगी, मंडल अध्यक्ष सुपाश्र्व जैन, यादविन्द्र लक्की राणा, पार्षद ईशा सचदेवा, ब्लॉक समिति के चेयरमैन तरसेम सिंह, एडवोकेट मनदीप रावा, विक्रम अटवान सरपंच, रिंकू बैरागी, नरेश खानपुर, रिंकू चहल आदि ने स्वागत किया।

# कार ने व्यक्ति को मारी टक्कर, मौत

### जगाधरी मेन रोड पर शर्मा ढ़ाबा के पास सड़क पार करते समय हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जगाधरी मेन रोड शर्मा ढ़ाबा के पास सड़क पार कर रहे व्यक्ति को अज्ञात कार चालक ने टक्कर मार दी। घायल व्यक्ति की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर की कांबोजा कॉलोनी निवासी जितेंद्र कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रविवार की रात को करीब सात बजे वह शर्मा ढाबा मेन रोड जगाधरी के पास खड़ा था। इसी दौरान उसके चाचा राजीव कुमार घर जाने के लिए मेन सड़क को आराम से पार कर रहा था। तभी यमुनानगर की ओर से आ रही सफेद रंग की एक कार चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाते हुए उसके चाचा को सीधी टक्कर मार दी। हादसे के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। उसका नंबर भी नोट नहीं हो सका।

# यमुनानगर में एएसआई ने घर को बनाया परिंदों के लिए बसेरा स्थल

### सौ से अधिक परिंदे कर रहे हैं विश्राम, 50 से अधिक घोंसले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

हरियाणा पुलिस में एएसआई के पद पर तैनात रादौर निवासी परविंदर सिंह मावी देश सेवा के कर्त्तव्य के साथ साथ पक्षियों की सेवा करने में लगे हैं। उन्होंने वर्षों से अपने घर में पक्षियों के ठहरने के लिए 50 से अधिक घोंसले बनाए हुए हैं। जिनमें वह पक्षियों को दाना पानी के अलावा चिकित्सा सुविधाएं भी मुहैया करवा रहे हैं। रादौर की टेलीफोन एक्सचेंज कालोनी निवासी परविंदर भल्ला ने बताया कि वर्षों से वह जनसेवा के साथ साथ परिंदो और जीव जंतुओं की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने पक्षियों के ठहरने के लिए अपने निवास स्थान में सैकड़ों घोंसले व लकड़ी के घर



**रादौर।** रादौर में घर में पक्षियों के लिए बनाए हुए घोंसले। फोटो: हरिभूमि

बनाए हुए हैं। जो सैकड़ों पक्षियों के अलावा गिलहरी व चिड़ियों के लिए शरणस्थली बने हुए हैं। परविंदर सिंह ने बताया कि उनके घर के बाहर व छत पर पक्षियों के लिए बनाए गए घोंसलों में दिनभर पक्षियों की चचहाट लगी रहती है। जिससे वातावरण मनमोहक बना रहता है। परविंदर सिंह मावी ने बताया कि वह हर रोज घोंसलों में रहने वाले पक्षियों के लिए दाने व पानी का प्रबंध करते हैं। उन्होंने बताया कि पहले कच्चे घरों की कड़ियों में पक्षी अपना घोंसला बना लिया करते थे। लेकिन अब लगभग सभी के मकान पक्के बन चुके हैं। ऐसे में पक्षियों को पक्के मकानों में घोंसला बनाना संभव नहीं हो पा रहा है। जिसको देखते हुए उन्होंने करीब दस वर्ष पहले पक्षियों के लिए अपने घर में घोंसले बनाए हैं। आज पक्षी घोसलों में अपने बच्चों को भी जन्म दे रहे हैं। वह पक्षियों के लिए यमुनानगर व अंबाला से घोसले व लकड़ी के घर लाए हैं।

ट्रेनें कई-कई घंटे देरी से चल रही है, बस सेवा भी हुई प्रभावित

# घने कोहरे और कड़ाके की ठंड में ठिठकी जीवन की रफ्तार, पारा गिरकर 4 डिग्री सेल्सियस पर आया

### पहाड़ों में हो रही बर्फबारी का मैदानी इलाकों में भी प्रभाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पहाड़ों में हो रही बर्फबारी के कारण मैदानी इलाकों में घना कोहरा के साथ चल रही शीतलहर और आसमान में धुंध के बादल छाए रहने से मौसम में बनी कड़ाके ठंड से जीवन की रफ्तार ठिठक कर रह गई है। आलम यह है कि मौसम में ठंड बढ़ने से लोगों के कामधंधे प्रभावित हो चुके हैं। बाजारों में ग्राहकों की आवाजाही कम होने से दुकानदारी ठप होने के कगार पर पहुंच गई है। सोमवार को भी जिले में अल सुबह से लेकर ग्यारह बजे तक सड़कों पर घना कोहरा छाया रहा और शीतलहर चलने व आसमान में धुंध के बादल छाए रहने से तापमान घटकर न्यूनतम मात्र 4 डिग्री सेल्सियस पहुंच





**यमुनानगर।** घना कोहरा छाने से सड़कों पर लाइटें जलाकर धीमी गति से चल रहे वाहन व घना कोहरा में डूबे रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार करते यात्री। फोटो: हरिभूमि

गया। जिससे दोपहर तक लोग घरों में दुबकने को मजबूर रहे। सोमवार को नए वर्ष के बारहवें दिन भी शीतलहर चलने व घना कोहरा छाए रहने से दोपहर तक सड़कों पर यातायात प्रभावित रहा। वहीं, आसमान में धुंध के बादल छाए रहने व शीत लहर चलने से मौसम में कड़ाके की ठंड बनी रही। हालांकि दोपहर बाद कुछ देर सूर्यदेव के दर्शन हुए। जिसमें कुछ देर के लिए लोग घरों से बाहर निकले। मगर कुछ देर के बाद फिर से मौसम में ठंडक बढ़ने से लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए। ठंड के कारण दिन भर बाजारों की रौनक भी गायब रही। वहीं, जिले में सुबह के वक्त घना कोहरा छाए रहने से कई ट्रेनें अपने निर्धारित समय से देरी से पहुंची।

### बुजुर्गों को सांस लेने में हो रही दिक्कत

निर्मल अस्पताल के सांस व अस्थमा रोग विशेषज्ञ डॉ. निर्मल सिंह का कहना है कि सर्दी बढ़ने से बुजुर्गों को सांस लेने में दिक्कत, छाती इन्फेक्शन, एलर्जी की समस्याएं आती हैं। इसके अलावा जोड़ों का दर्द भी महसूस होता है। इसलिए उन्हें अलाव का सहारा लेना चाहिए और ज्यादातर समय राजाई में व्यतीत करना चाहिए। बच्चों को

# प्रभातफेरी में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

- श्री लाल द्वारा मंदिर में 20 व 23 जनवरी को होने वाले समागम को लेकर निकाली गई प्रभात फेरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

श्रीलालद्वारा मंदिर प्रबंधक कमेटी द्वारा मंदिर में 20 व 23 जनवरी को आयोजित होने वाले धार्मिक समागमों को लेकर शहर में प्रभातफेरियों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में सोमवार को अलसुबह चार बजे जगाधरी के हुड्डा सेक्टर 17 में प्रभातफेरी का आयोजन किया गया। जिसमें कड़ाके की ठंड के बावजूद प्रभातफेरी में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। प्रभातफेरी का जगह जगह स्वागत किया गया। मंदिर कमेटी के प्रधान रमेश मेहता ने बताया कि सोमवार को अलसुबह चार बजे प्रभात फेरी जगाधरी के हुड्डा सेक्टर 17 से शुरु हुई और बाद में अलग अलग इलाकों में श्रद्धालुओं के घर द्वार तक पहुंचीं। जहां उन्हें 20 व 23 जनवरी को मंदिर में होने वाले समागम को लेकर आमंत्रित किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया और बावा लालजी के मनमोहक स्वरूप को माथा टेककर आशीर्वाद लिया।


यमुनानगर। निकाली गई प्रभातफेरी में सजाई गई सतगुरु श्रीबाबालाल महाराज की आकर्षक पालकी उठाकर चलते हुए श्रद्धालु। फोटो: हरिभूमि

### 671वां जन्मोत्सव 20 को

लाल लाल लाल मेरा चित गुरा दे नाल,मनु लाल रंग हुन चडया मनु सोना रंग हुन चडया पर श्रद्धालु जमकर झूमते हुए आगे बढ़ते रहे। मंदिर कमेटी के प्रधान रमेश मेहता व वरिष्ठ उपाध्यक्ष योगेश शर्मा ने बताया कि सतगुरु बाबा लालजी महाराज का 671वां जन्मोत्सव वार्षिक दूज के रूप में 20 जनवरी को श्री लाल द्वारा मंदिर में आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा 23 जनवरी को सतगुरु श्री बाबा लाल दयालजी महाराज की श्री ध्यानपुर गद्दी के ब्रह्मलीन तेरहवें महंत श्री द्वारका दास जी महाराज का जन्मोत्सव एवं बसन्त पंचमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन्हीं समागमों को लेकर आजकल प्रभात फेरियां निकाली जा रही है।

# कान्हा जी का जन्मोत्सव मनाया

- पंद्रह वर्ष पहले मंदिर में श्रद्धालुओं ने की थी कान्हा जी की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

खेड़ा मोहल्ला के श्रद्धालुओं ने कस्बा के नगरखेड़ा हाल में कन्हा जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान महिला संकीर्तन मंडली ने भजनों के माध्यम से कान्हा जी की महिमा का गुणगान किया और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैंकड़ो श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धालु एवं कार्यक्रम की आयोजक परमेश्वरी देवी व बब्बू अरोड़ा आदि ने बताया कि करीब पंद्रह वर्ष पहले यहां के श्रद्धालु वृंदावन से कान्हा जी की मूर्ति लेकर आए थे। जिसे खेड़ा मोहल्ला स्थित मंदिर में स्थापित किया गया। इसे लेकर हर वर्ष उनके स्थापना दिवस को जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि कान्हा जी की उन पर आपार कृपा है। जो श्रद्धालुओं को हर वर्ष जन्मोत्सव मनाए जाने और भंडारा आयोजित करने की कृपा करते हैं।


यमुनानगर। के रादौर में खेड़ा मोहल्ला में कान्हा जी के जन्मोत्सव पर आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। फोटो: हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

मौके पर महिला संकीर्तन मंडली ने भजनों के माध्यम से कान्हा जी की महिमा का गुणगान किया। दोपहर के समय विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर श्रद्धालु देवीदयाल अरोड़ा, मोहनलाल अरोड़ा, डॉ. विनोद शर्मा, चेतन शर्मा, दीपक शर्मा, दीपक चावला, बॉबी झांब, लेखराज चोपड़ा, अशोक चोपड़ा, बंटी, राजू व टीना पुजारा आदि मौजूद रहे।


## स्वामी विवेकानंद की जयंती पर केबिनेट मंत्री सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया नमन

# युवा ही ला सकते हैं समाज में परिवर्तन: गुर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर व भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा कार्यकर्ताओं के साथ स्वर्गीय स्वामी विवेकानंद की 164 वीं जयंती मनाकर उन्हें नमन किया। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने स्वामी विवेकानंद को नमन करते हुए बताया कि समाज में परिवर्तन युवा वर्ग ही ला सकता है। उन्होंने कहा कि देश का भविष्य युवाओं के कंधों पर ही है। स्वर्गीय स्वामी विवेकानंद ने भारतीय संस्कृति को अंतर्राष्टNीय स्तर पर पहचान दी। गुर्जर ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने पूरी दूनिया में भारतीय दर्शन और अध्यात्म का संदेश दिया। उन्होंने दुनिया को बताया कि भारत हमेशा से ही महान रहा है। भारत देव भूमि है और यहां पर बड़े-बड़े ऋषि मुनियों-महात्माओं ने अवतार लिया है। जिन्होंने दुनिया को राह दिखाई है। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने बताया कि स्वर्गीय स्वामी विवेकानंद ने योग, राजयोग तथा ज्ञानयोग जैसे ग्रंथों की रचना की। स्वामी विवेकानंद की शिक्षाएं देश की सबसे बड़ी दार्शनिक संपत्ति हैं। आत्मनिर्भर बनना व स्वदेशी को अपनाना आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है और यह काम भारत का युवा वर्ग बड़ी मजबूती के साथ कर रहा है। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने स्वामी विवेकानंद को नमन करते हुए बताया कि स्वामी विवेकानंद का संदेश कि उठो-जागो और दूसरों को भी जगाओ, तब न रूको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो पर युवा पीढ़ी को चलना होगा।

**स्वामी विवेकानंद ने पूरी दूनिया में भारतीय दर्शन और अध्यात्म का संदेश दिया**



### भारत युवा शक्ति का भंडार

भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने कहा कि युवाओं को समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करना होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी देश की पहचान वहां की युवा शक्ति से ही होती है और भारत युवा शक्ति का भंडार है। उन्होंने कहा कि हमारा देश दुनिया को रास्ता दिखाने वाला है। युवाओं को नशा व अन्य सामाजिक बुराईयों के खिलाफ लड़ना होगा।

यमुनानगर। स्वामी विवेकानंद की जयंती पर मुंह मीठा करते कैबिनेट मंत्री व जिला अध्यक्ष। फोटो: हरिभूमि

### स्वदेशी अपनाने का आह्वान

भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं के हित के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू कर रही है। खेलों की बात हो या रोजगार की बात होए सरकार द्वारा युवाओं को अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। परिणाम स्वरूप प्रदेश के युवा अपने हुनर से अपना व प्रदेश का नाम पूरे विश्व में रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिला के युवाओं ने खेलों में अपनी विशेष पहचान बनाई है। आत्मनिर्भर बनने व स्वदेशी अपनाने से भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर हो रहा है। भाजपा जिला यमुनानगर मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग ने अपने कार्यालय पर स्वामी विवेकानंद की 164 वीं जयंती पर उन्हें नमन किया।

# स्वदेशी अपनाने की ली शपथ

- गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्वदेशी संकल्प रैली का किया आयोजन
- कालेज प्रिंसीपल डॉ. अरविंदर सिंह भल्ला ने झंडी दिखाकर किया रैली को रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर में सोमवार को स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयंती के अवसर पर स्वदेशी संकल्प रैली निकालकर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। मौके पर विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों ने स्वदेशी अपनाने की शपथ ली। रैली को झंडी दिखाकर कालेज प्रिंसीपल डॉ. अरविंदर भल्ला ने रवाना किया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. अरविंदर भल्ला ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के दिशानिर्देशों के अनुसार कालेज के शारीरिक शिक्षा विभाग, समाज कार्य विभाग, एनसीसी और एनएसएस इकाइयों के सामूहिक प्रयासों से रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान रैली में विद्यार्थी स्वदेशी अपनाने से संबंधित स्लोगन लिखी पट्टिकाएं अपने हाथों में उठाए हुए थे। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए स्वदेशी उत्पादों और प्रथाओं को अपनाने का संकल्प लिया। मौके पर विद्यार्थियों ने स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं अपनाने का प्रण लिया।


यमुनानगर। गुरु नानक खालसा कॉलेज में राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वदेशी अपनाने की शपथ लेते हुए विद्यार्थी व फैकल्टी सदस्य। फोटो: हरिभूमि

### स्वामी विवेकानंद की स्मृति में मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस: सीकरी



रादौर। मुकंदलाल नेशनल कॉलेज रादौर में सोमवार को राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम एनएसएस इकाई, इतिहास विभाग, राजनीतिक विज्ञान विभाग व लीगल लिटरेसी सेल की ओर से मनाया गया। समारोह में एनएसएस स्वयंसेवकों व अन्य विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम प्रो. नवीन भारद्वाज व प्रो पिंकी रानी मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने बच्चों को राष्ट्रीय युवा दिवस के बारे में जागरूक किया। इतिहास विभाग से डा. चा सीकरी ने बच्चों को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर बताया कि 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानंद की स्मृति में मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद एक विवेकी, गुणी और अद्भुत व्यक्तित्व वाले व्यक्ति थे। उन्होंने 1893 में शिकागो में हुए सर्वधर्म सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व किया था।


यमुनानगर। कस्ब रादौर ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में जानकारी देते मुख्यवक्ता। फोटो: हरिभूमि

# विवेकानंद के विचारों व आदर्शों से प्रेरणा लें युवा : डा. लक्ष्य

- ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट में मनाया गया युवा दिवस व स्वामी विवेकानंद जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी रादौर में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। मौके पर प्रेरणादायक जागरूकता सत्र का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से संस्थान के निदेशक डा. लक्ष्य अग्रवाल मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि इस दिन राष्ट्रीय युवा दिवस भी मनाया जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वामी विवेकानंद के विचारों, आदर्शों एवं जीवन दर्शन को जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। निदेशक डॉ लक्ष्य अग्रवाल द्वारा स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित उन्हें नमन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान निबंध लेखन प्रतियोगिताएं, गायन प्रतियोगिताएं, समूह चर्चा जैसी विभिन्न शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में छात्रों ने स्वामी विवेकानंद के विचारों व युवाओं की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। गायन प्रतियोगिता में प्रेरणादायक एवं देशभक्ति गीतों की प्रस्तुतियों ने सभी को भावविभोर कर दिया।

### विवेकानंद के विचार आज भी प्रासंगिक

उन्होंने विद्यार्थियों को स्वामी जी के विचारों उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए को अपने जीवन में अपनाने की सलाह दी। वहीं उन्होंने छात्रों से आत्मविश्वास, कड़ी मेहनत व सकारात्मक सोच के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता एप्लाइड साइंस विभाग की काजल शर्मा रहीं। उन्होंने स्वामी विवेकानंद की जीवन यात्रा पर विस्तार से चर्चा करते हुए उनके बचपनए शिक्षाए आध्यात्मिक चिंतन व युवाओं के प्रति उनके दृष्टिकोण को सरल भाषा में प्रस्तुत किया। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं और उन्हें अपनाकर युवा अपने जीवन को नई दिशा दे सकते हैं।


यमुनानगर। जिला सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते नगराधीश। फोटो: हरिभूमि

# समाधान शिविर में तत्परता से हो रहा समस्याओं का समाधान

- नगराधीष पीयूष गुप्ता ने शिविर में सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला सचिवालय में सोमवार को जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नगराधीश पीयूष गुप्ता ने लोगों की समास्याएं सुनी। उन्होंने अधिकांश समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया और शेष को संबंधित अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए गए। नगराधीश पीयूष गुप्ता ने बताया कि समाधान शिविर में आई शिकायतों का तत्परता के आधार पर समाधान किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि सोमवार को समाधान शिविर में जो शिकायतें आई हैं। उनमें यमुनानगर निवासी राज कुमार के घर के रास्ते को अवैध रूप से बताकर बाधा डालने बारे, यमुनानगर निवासी रोहित कुमार ने बिजली का गलत बिल देने बारे, यमुनानगर स्ट्रीट निवासी सुमीत गर्ग ने यमुना गली में सीसीटीवी कैमरे लगवाने बारे, जगाधरी निवासी ऋषिपाल ने नाजायज कब्जा हटवाने बारे, यमुनानगर निवासी लवकेश शर्मा ने परिवार पहचान पत्र में इनकम ठीक करवाने बारे, यमुनानगर निवासी कंवरपाल सिंह ने सीएम विंडो की शिकायत पर कार्रवाई नहीं होने आदि बारे समस्या रखी। जिनमें अधिकांश समस्याओं का मौके पर निपटान कर दिया गया। जबकि शेष समस्याओं को संबंधित अधिकारियों के पास शीघ्र कार्रवाई करने के लिए भेज दिया गया।

### समय में बदलाव

नगराधीश पीयूष गुप्ता ने बताया कि समस्या समाधान शिविरों के आयोजन में अब सरकार द्वारा बदलाव किया गया है। अब यह समस्या समाधान शिविर सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। पूर्व की भांति जिला व उपमंडल दोनों स्तरों पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तरीय समाधान शिविर जिला सचिवालय के सभागार में तथा उपमंडल स्तर के समाधान शिविर व्यासपुर, छछरौली व रादौर में स्थित एसडीएम कार्यालय में आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य है जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है। ताकि समस्याओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से सुलझाया जा सके। मौके पर डीआईओ विनय गुलाटी व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# लोहड़ी का त्योहार खुशी, उमंग व एकता का प्रतीक: डॉक्टर अंजू

- उत्थान संस्थान में लोहड़ी पर्व के उपलक्ष्य में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

उत्थान संस्थान की कोशिश ईकाई में दिव्यांग बच्चो द्वारा लोहड़ी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने डांस कर सभी का मनोरंजन किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से उत्थान संस्थान की डायरेक्टर डॉक्टर अंजू बाजपई उपस्थित हुई। उन्होंने बच्चों को लोहड़ी पर्व की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि लोहड़ी का त्योहार खुशी, उमंग और एकता का प्रतीक है। यह त्योहार भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है और सभी लोग इसे धूमधाम से मनाते हैं। लोहड़ी त्योहार भारतीय संस्कृति की धरोहर है। यह समृद्धि, खुशहाली और एकता का प्रतीक माना जाता है। शिक्षाविद डॉक्टर पीके बाजपई ने कहा की हमें अपने परिवार और समुदाय के साथ मिलकर इस त्यौहार को मनाना चाहिए। इस दिन पूजन और अग्नि प्रज्जवलित करने से आरोग्य और सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है।


यमुनानगर। उत्थान संस्थान में लोहड़ी पर्व मनाते दिव्यांग बच्चे। फोटो: हरिभूमि

# स्वदेशी को अपनाने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

ब्राइट फ्यूचर डिफेंस अकादमी व स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में सोमवार को रन फार स्वदेशी जागरूकता मैराथन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस के मौके पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ भाजपा नेता नेपाल राणा द्वारा किया गया। उनके नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने विवेकानंद जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर नेपाल राणा ने मैराथन का शुभारंभ किया। मैराथन नगरपालिका खेल स्टेडियम से शुरू होकर पुराना बस स्टेंड, टेलीफोन एक्सचेंज रोड, रावल चौक, मेन बाजार, नगरपालिका रोड से होते हुए वापिस खेल स्टेडियम में समाप्त हुई। अकादमी के कोच अमित चौहान की देखरेख में आयोजित कार्यक्रम में नेपाल राणा ने बताया कि स्वदेशी अपनाकर देश सेवा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे। स्वदेशी सामान खरीदने से देश को टैक्स मिलेगा। जिससे देश की आय होगी। वहीं आय जरूरतमंद लोगों की सहायता करने में खर्च होगी। इस अवसर पर नेपाल राणा, चेयरमैन रजनीश मेहता शालु, कोच अमित चौहान, पार्षद पार्षद विनिश राण, पार्षद श्रीकांत मोटी, पार्षद रविंद्र सैनी, देवेंद्र सैनी आदि मौजूद रहे।


रादौर। यमुनानगर कस्बा रादौर में आयोजित मैराथन का शुभारंभ करते भाजपा नेता नेपाल राणा व अन्य। फोटो: हरिभूमि

## पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने जगाधरी में अपने कार्यालय पर विजेता खिलाड़ियों का किया जोरदार स्वागत

# तलाकौर के खिलाड़ियों ने नेटबाल सीनियर नेशनल चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

उत्तर प्रदेश के बरेली में आयोजित हुई नेटबाल सीनियर नेशनल चैंपियनशिप

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

बरेली में आयोजित हुई नेटबाल सीनियर नेशनल चैंपियनशिप प्रतियोगिता में यमुनानगर के गांव तलाकौर की महिला खिलाड़ियों की टीम ने स्वर्ण पदक जीतकर जिला व प्रदेश का नाम रोशन किया है। सोमवार को विजेता खिलाड़ियों का पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने अपने कार्यालय में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया है। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने बताया कि नेटबाल सीनियर चैंपियनशिप प्रतियोगिता का 6 जनवरी से नौ जनवरी तक उत्तर प्रदेश के बरेली में आयोजन किया गया। जिसमें गांव तलाकौर की महिला खिलाड़ियों की टीम ने भाग लिया। इस टीम में यमुनानगर की महिला खिलाड़ी भी शामिल रही। मौके पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष निश्चल चौधरी,प्रदीप सैनी,बलजीत सिंह सैनी, जगमाल सैनी, जितेंद्र प्रजापत, जसविंदर सिंह सैनी,भाजपा जिला यमुनानगर मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग आदि ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई व शुभकामनाएं दी।


यमुनानगर। जगाधरी कार्यालय में विजेता खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल। फोटो: हरिभूमि

### फाइनल में कर्नाटक की टीम को हराया

उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबले में तलाकौर की टीम ने पंजाब को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इसके बाद तलाकौर की टीम ने फाइनल मुकाबले में कर्नाटक की टीम को हराकर स्वर्ण पदक जीतकर ट्राफी पर कब्जा जमा लिया। उन्होंने कहा कि तलाकौर की टीम ने यमुनानगर जिले का गौरव बढ़ाया है। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने बताया कि स्वर्ण पदक विजेता टीम की कप्तान वंशिका रहीं। जिन्होंने बेहतरीन नेतृत्व का परिचय दिया। टीम की इस सफलता में कोच मनोज कुमार, प्रवीण कुमार व नीलम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने सभी विजेता खिलाड़ियों का अपने जगाधरी कार्यालय पर स्वागत किया और उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

# मकर संक्रांति और षटतिला एकादशी का एक ही दिन अद्भुत संयोग : कौशिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मकर संक्रांति का पर्व बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है। जब सूर्यदेव धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करते हैं, तो मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाता है। मकर संक्रांति का पर्व न केवल ऋतु परिवर्तन का प्रतीक है, बल्कि इसे देवताओं के दिन की शुरूआत यानी उत्तरायण माना जाता है। इस साल की मकर संक्रांति काफी शुभ मानी जा रही हैं, क्योंकि इस दिन सूर्य के मकर राशि में प्रवेश के साथ ही षटतिला एकादशी का दुर्लभ संयोग बन रहा है। अक्सर तिथियों के हेर-फेर के कारण लोग दुविधा में रहते हैं कि खिचड़ी का दान और स्नान किस दिन करना श्रेष्ठ है। गायत्री ज्योतिष अनुसंधान केंद्र के ज्योतिषी पंडित रामराज कौशिक ने बताया कि ज्योतिषीय गणना के अनुसार इस साल सूर्य का मकर राशि में प्रवेश 14 जनवरी की दोपहर को हो रहा है, जिससे पुण्यकाल का महत्व इसी दिन बढ़ गया है। जहाँ इस दिन षटतिला एकादशी और मकर सक्रांति का अद्भुत संयोग बन रहा है। वही एकादशी तिथि होने के कारण इस दिन चावल की खिचड़ी नहीं बनाई जाएगी। आप चावल के स्थान पर अन्य तरह के व्यंजनों से खिचड़ी तैयार कर सकते हैं और पुण्य कमाएं लेकिन किसी भी रूप में चावल खाकर या खिलाकर पाप के भागी न बने। हिंदू धर्म में गाय को माता का स्थान दिया गया है और शास्त्रों में गौदान का महत्व विस्तार से बताया गया है।



### मकर संक्रांति की तिथि

*मकर संक्रांति 14 जनवरी 2026 बुधवार को मनाया जाएगा। इस दिन ग्रहों के राजा सूर्य दोपहर 3 बजकर 13 मिनट पर धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश कर जाएंगे।और इस दिन मकर संक्रांति का पुण्यकाल 14 जनवरी को शाम 03:04 बजे से शाम 05:45 बजे तक (कुल अवधि: 2 घंटे 32 मिनट)। महा पुण्य काल- दोपहर 03:13 बजे से शाम 04:58 बजे तक (कुल अवधि: 1 घंटा 45 मिनट) रहेगा और गंगा आदि नदियों में स्नान का शुभ समय सुबह 9 बजकर 3 मिनट से लेकर शाम 5 बजकर 4 मिनट तक।*

### क्या कर सकते हैं दान

*मकर संक्रांति और षटतिला एकादशी एक ही दिन पड़ रही हैं। ऐसे में कई लोगों के मन में सवाल है कि क्या इस दिन खिचड़ी का दान करना शुभ होगा। इस दिन चावल का सेवन न करें लेकिन मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में आप कच्ची खिचड़ी (चावल और दाल) का दान कर सकते हैं। शास्त्रों के अनुसार, महापर्व पर दान का नियम एकादशी के निषेध से ऊपर माना जाता है। यदि आप पूरी तरह परहेज करना चाहते हैं, तो केवल काले तिल, गुड़, घी और गर्म कपड़ों का दान भी अक्षय पुण्य देगा। चावल की खिचड़ी न बनाकर आप संवक के चावल की खिचड़ी का दान करें और गजक, मुंगफली, तिल की रेवड़ियों का दान भी कर सकते हैं।*

### कपड़े, कंबल व बर्तन का दान

*यह पर्व शीत ऋतु में आता है, इसलिए जरूरतमंदों को गर्म कपड़ों का दान करना महान सेवा कार्य माना जाता है। ऐसे में इस दिन कंबल, शॉल, स्वेटर और गर्म वस्त्र दान करना पुण्यदायी होता है। यह दान व्यक्ति के जीवन में सुख-समृद्धि लाता है। मकर संक्रांति के अवसर पर बर्तनों का दान समृद्धि, शुभता और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। इस दिन तांबे, पीतल, स्टील मिट्टी सामर्थ्य के अनुसार बर्तन का दान करना शुभ फलदायी होता है। तांबे और पीतल के बर्तन स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी माने जाते हैं। इन चीजों का दान घर में सुख-शांति और सकारात्मक माहौल को बढ़ाता है।*

## लोहड़ी व मकर संक्रांति का त्योहार आनंद उमंग और उत्साह का प्रतीक : आचार्य मिश्रा

**कुरुक्षेत्र।** समर्थगुरु संघ हिमाचल के जोनल कॉर्डिनेटर और श्रीदुर्गा देवी मंदिर पिपली, कुरुक्षेत्र के पीठाधीश आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि लोहड़ी पर्व 13 जनवरी 2026 मंगलवार को और मकर संक्रांति 14 जनवरी 2025 बुधवार को षटतिला एकादशी के साथ सम्पूर्ण विश्व में धूमधाम से मनाया जाएगा। लोहड़ी और मकर संक्रांति उमंग और उत्साह का पर्व है । लोहड़ी का त्यौहार सिर्फ पंजाब, हरियाणा , दिल्ली, जम्मू काश्मीर और हिमाचल में ही नहीं अपितु बंगाल तथा उड़यि लोगो द्वारा भी मनाया जाता है। लोहड़ी पौष मास के अंतिम दिन और सूर्यास्त के बाद माघ संक्रान्ति से पहली रात यह पर्व मनाया जाता है। प्रति वर्ष यह मकर संक्रान्ति के एक दिन पहले 13 जनवरी को मनाया जाता है। मकर संक्रान्ति की पूर्व संध्या पर इस त्यौहार का उल्लास रहता है। रात्रि में खुले स्थान में परिवार और आस-पड़ोस के लोग मिलकर आग के किनारे घेरा बना कर बैठते हैं। इस समय रेवड़ी, मूंगफली, लावा आदि खाए जाते है। लोहड़ी मनाने के लिए लकड़ियों की ढेरी पर सूखे उपले भी रखे जाते है। परिवार के सदस्य और जन समूह के साथ लोहड़ी पूजन करने के बाद उसमें तिल, गुड़, रेवडी एवं मूँगफली का भोग लगाया जाता है। ढोल की थाप के साथ गिद्दा और भाँगड़ा नृत्य इस अवसर पर विशेष आकर्षण का केंद्र होते है।



## खबर संक्षेप



### लिटिल मिलेनियम स्कूल में मनाया लोहड़ी पर्व

**कुरुक्षेत्र।** लिटिल मिलेनियम स्कूल सेक्टर 3 में लोहड़ी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास, उमंग और सांस्कृतिक रंगों के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर प्रसिद्ध पंजाबी गायक बलबीर बुप्पाराय ने विद्यालय में शिरकत की। उनके आगमन पर स्कूल स्टाफ द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ एवं सीएलओ ज्योति खनेजा ने गायक बलबीर बुप्पाराय का सम्मान करते हुए कहा कि ऐसे प्रतिष्ठित कलाकारों का विद्यालय आगमन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक होता है।

### भाषण प्रतियोगिता में मनीषा गौतम प्रथम

**थानेसर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में नेहरू युवा केंद्र के सहयोग से स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया जिसमें संस्थान के लगभग 15 छात्र/छात्राओं ने सामाजिक शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, रोजगार उत्पादन व राष्ट्रीय एकता जैसे कई अलग-अलग विषयों पर भाषण प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इस मौके पर शिव कुमार किरमच मुख्य वक्ता के अतिथि रूप में व प्रजापिता ब्रह्मकुमारी परिवार से बहन मधु विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रही।

### स्वामी विवेकानंद जयंती पर रक्तदान शिविर आज

**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण कृपा, जीओ गीता परिवार कुरुक्षेत्र एवं श्री कृष्ण आयुर्वेद वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद जी की 163वीं जयंती पर 13 जनवरी को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक, गुरु नानक देव हॉस्पीटल, ढांड रोड, पिहोवा में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। डॉ सुरेश शर्मा ने बताया कि इस पुण्य एवं जनसेवा से जुड़े कार्यक्रम में परम पूज्य गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

युवा दिवस के अवसर पर जिलेभर में हुए प्रेरक और उत्साहवर्धक कार्यक्रम

# स्वामी विवेकानंद का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा

## युवाओं व संतों से किया आह्वान, शस्त्र और शास्त्र दोनों का ज्ञान वर्तमान पीढ़ी को दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

स्वामी विवेकानन्द जयंती पर जिला भर में विभिन्न जगहों पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वात्सलय वाटिका में स्वामी विवेकानन्द जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे नगर से प्रमुख गणमान्य संत जन व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। स्वामी हरिओम दास ने मार्गदर्शन करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद वह विभुति थे जिन्होंने भारत की संस्कृति की पताका को विदेश की भूमि पर जा कर फहराया था। उन्होने कहा कि आज भी कदम से कदम मिलाकर सभी युवाओ को आगे बढ़ना होगा। युवाओं को सक्षम व संकलवान बनना होगा। उन्होंने युवाओं व संतो से आह्वान किया कि आज समय की आवश्यकता है कि हमें शस्त्र और शास्त्र दोनों का ज्ञान वर्तमान पीढ़ी को दें। स्वामी दासुदेवान्द द्वारा भी मंच से युवाओं का मागदर्शन किया गया। उन्होंने कहा कि वाटिका वह स्थान है जहां बच्चों को राष्ट्रभक्त बनाने का निरंतर कार्य चल रहा है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भाजपा नेता राजकुमार, महंत विशाल दास, संत वासुदेवानंद, समाजसेवी खरैती लाल, संत राजेन्द्र वाटिका प्रधान ओम प्रकाश मित्तल, प्रेम नारायण अवस्थी, ललित चावला मौजूद रहे।

कार्यक्रम में मौजूद युवा




### बीपीआर कॉलेज में करवाई स्वदेशी संकल्प दौड़

स्वदेशी विचारधारा के प्रसार एवं आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को साकार करने के उद्देश्य से भगवान परशुराम कॉलेज, कुरुक्षेत्र में स्वदेशी संकल्प दौड़ एवं स्वदेशी संकल्प सभा का आयोजन किया गया। प्रातः आयोजित स्वदेशी संकल्प दौड़ में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वदेशी उत्पादों को अपनाने तथा स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देने का संदेश दिया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने स्वदेशी अपनाओ का सामूहिक संकल्प लिया और देश के आर्थिक सशक्तिकरण में योगदान देने का प्रण किया। कार्यक्रम में कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयंसेवक, अन्य छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों की सक्रिय सहभागिता रही। स्वदेशी संकल्प दौड़ को शीश पाल, प्राचार्य, भगवान परशुराम कॉलेज कुरुक्षेत्र द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। स्वदेशी अपनाओ- देश को आत्मनिर्भर बनाओ जैसे नारों से परिसर राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग गया।

### भारत की शाश्वत परंपरा के महान प्रतीक



**कुरुक्षेत्र।** स्वामी विवेकानंद केवल संत या विचारक नहीं हैं। वह भारत की शाश्वत परंपरा के महान प्रतीक हैं। वह उस चेतना का नाम हैं, जिसने पराजय, दारिद्रय और आत्मविस्मृति के अंधकार में डूबते भारत को उठकर खड़े होने का साहस दिया। उनका जीवन, चिंतन और उद्योग भारतीय समाज के लिए दीपस्तंभ की तरह है, जो बताता है कि राष्ट्र का उत्थान आत्मबल, चरित्र और करुणा से होता है। स्वामी विवेकानंद पर श्रीमद्भागवत गीता के निष्काम कर्म योग का प्रभाव था। मातृभूमि सेवा मिशन के 23वें स्थापना दिवस, स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में गीता जन्मस्थली ज्योतिसर में श्रीमद्भागवत गीता का स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रभाव विषय पर मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा आयोजित गीता युवा संवाद कार्यक्रम में यह विचार मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ ज्योतिसर में अक्षय वट वृक्ष की छाया में वैदिक ब्रह्मचर्य द्वारा लोक मंगल के निमित्त गीता ज्ञान यज्ञ से हुआ। डा.श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा आज का भारत अनेक उपलब्धियों के बावजूद गहन चुनौतियों से जूझ रहा है। नैतिक मूल्यों का क्षरण, सामाजिक असमानता और भय का वातावरण सामने है।

## स्वामी विवेकानंद के विचार आज के युवाओं के लिए मार्गदर्शकः ज्ञानानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में सेंटर ऑफ डॉ बी.आर. अम्बेडकर स्टडीज द्वारा सोमवार को सीनेट हॉल में में स्वामी विवेकानंद जी की 163वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ गीता मनीषी पूज्य स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज, प्रो. देवेंदर सिंह, कुलगुरु राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय सोनीपत, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. वीरेंद्र पाल एवं अम्बेडकर सेंटर के डायरेक्टर डॉ. प्रीतम सिंह ने मां भारती और स्वामी विवेकानंद जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित करके किया।



कुरुक्षेत्र। कार्यक्रम में मंचासीन स्वामी ज्ञानानंद महाराज, प्रो. देवेंदर सिंह व अतिथिगण।

### बच्चों को नशे से दूर रहने के किया प्रेरित

समारोह के मुख्य अतिथि गीता ज्ञान संस्थान, कुरुक्षेत्र के संस्थापक गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए संकल्प लेने को कहा। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय सोनीपत के कुलगुरु प्रो. दविंदर सिंह ने स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर प्रकाश डाला। समारोह में प्रो. रमेश सिरोही, प्रो. परवेश भोरिया, रोहतक से डॉ. स्नेह, जींद से डॉ. जितेन्द्र कुमार, संघ के वरिष्ट कार्यकर्ता हरीश कुमार, रणजीत सैनी भी उपस्थित रहे। कार्यालय सहायक पवन कुमार, जतिन कुंडल, रचिता मित्तल, विक्रम, प्रवीण, शोधार्थी कीकर सिंह एवं एनएसएस स्वयंसेवी ओजस्विनी आदि ने भी कार्यक्रम मे अहम भूमिका निभाई।

### विवेकानंद जयंती आत्म-चिंतन और संकल्प का दिनः प्रो. वीरेन्द्र पाल

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के फैकल्टी लॉज के प्रांगण में सोमवार को कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर कुलसचिव लेफ्टिनेंट प्रो. वीरेन्द्र पाल, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी कुमार सहित विश्वविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों ने पुष्प अर्पित किए। इस मौके पर कुलसचिव प्रो. वीरेन्द्र पाल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जयंती, को हम राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाते हैं, हम सभी के लिए आत्म-चिंतन और संकल्प का दिन है। स्वामी जी का जीवन और उनके विचार केवल भारत के लिए ही नहीं, बल्कि संपूर्ण विश्व के युवाओं के लिए प्रेरणा का सबसे बड़ा स्रोत हैं। इस मौके पर प्राक्टर प्रो. अनिल गुप्ता, प्रो. जसबीर ढांडा, युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. विवेक चावला, प्राचार्या प्रो. रीटा, प्रो. कुसुमलता, प्रो. परमेश कुमार, लोक सम्पर्क विभाग की उपनिदेशक डॉ. जिम्मी शर्मा मौजूद थे।



# शहर की सफाई का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सीएम जीजीए मुस्कान यादव की टीम सोमवार को शहर की सफाई व्यवस्था को चैक किया। इस दौरान टीम ने यह जाना कि सफाई को लेकर क्या मापदंड अपनाए गए हैं और डोर टू डोर कूड़ा उठाने वाली टीम भी बेहतर ढंग से कार्य कर रही है या नहीं। सीएम जीजीए की टीम की हेड मुस्कान यादव ने बताया कि सफाई निरीक्षक व टीम को साथ लेकर शहर में कूडा जिस डंपिंग प्वाइंट पर गिरता है उसका निरीक्षण किया है। वहां पर पाया गया कि कूडे को कवर करने के लिए चार दिवारी या ग्रीन चदर की व्यवस्था नहीं की गई है। ऐसे में कूड़ा हवा के कारण दूर-दूर तक फैला हुआ है, जिसके कारण गंदगी नजर आती है। इस पर उन्होंने सफाई निरीक्षक को वहां पर चार दिवारी या ग्रीन चदर से एरिया को कवर करने के आदेश दिए। इस वजह से कूडा दूर-दूर तक नहीं फैलेगा और कूड़ा एकत्रित कर वहां से करनाल लेकर जाने में आसानी होगी। इसके बाद टीम ने सेक्टर-5, स्थानेश्वर महादेव मंदिर व रेलवे रोड पर ओल्ड पोस्ट ऑफिस के पास बनाए गए कूड़ा प्वाइंट को भी चैक किया। उन्होंने अधिकारियों से पूछा कि दिन में किस-किस टाईम कूड़े का उठान होता है। इसके अलावा उन्होंने डोर टू डोर कूड़ा उठान करने वाले फर्म सुगम कंपनी के कर्मचारी से पूछा कि क्या सौ प्रतिशत घरों से कूड़े का उठान हो रहा है तो फिर सड़क पर कूड़ा क्यों दिखाई दे रहा है।



कुरुक्षेत्र। सफाई का निरीक्षण करती टीम।

### प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लिए 465 आवेदन हुए प्राप्त

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत 100-100 गज के प्लाटों के लिए आवेदन करें। जिला प्रशासन की तरफ से लगातार आवेदन लिए जा रहे हैं। जिला में अभी तक 465 आवेदन हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि पिहोवा खंड में 148 आवेदन, थानेसर में 106 आवेदन, पिपली खंड में 104 आवेदन आए हैं। इसी तरह शाहाबाद में 50 आवेदन, इस्माइलाबाद में 25 आवेदन, बाबैन 18 आवेदन और लाडवा खंड में 14 आवेदन आए हैं। उपायुक्त ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के द्वितीय चरण के तहत जिले के 26 गांवों के पात्र ग्रामीण परिवारों को जल्द ही 100-100 गज के प्लाट दिए जाएंगे।

# लोकतंत्र का चौथा स्तंभ समाज को दिशा देने में निभाता महत्वपूर्ण भूमिका : जिन्दल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सांसद नवीन जिन्दल ने पिपली रोड स्थित एक निजी होटल में नववर्ष, लोहड़ी एवं मकर संक्रांति के पावन अवसर पर कुरुक्षेत्र के पत्रकारों के साथ आत्मीय वातावरण में पर्व मनाया। सांसद नवीन जिन्दल ने पत्रकारों को नववर्ष और पर्वों की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और समाज को दिशा देने में इसकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। पत्रकार समाज का आईना होते हैं और आमजन की आवाज सरकार व प्रशासन तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार और जनप्रतिनिधियों द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की सही और तथ्यपरक जानकारी जन-जन तक पहुंचाना मीडिया की अहम जिम्मेदारी है, ताकि प्रत्येक पात्र व्यक्ति योजनाओं का लाभ उठा सके। उन्होंने नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल और सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन पहलों का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है। उन्होंने अच्छी नींद और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया।





लाडवा। आढ़तियों व व्यापारियों के साथ चर्चा करते मार्किट कमेटी चेयरमैन डा. गणेश दत्त। फोटो : हरिभूमि

## मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में प्रगति को रफ्तार मिली : डा. गणेश दत्त

**लाडवा।** मार्केट कमेटी लाडवा के चेयरमैन डा. गणेश दत्त ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश के विकास को कई गुणा गति मिली है। सरकार बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग का उत्थान कर रही है, जिसमें व्यापारियों व किसानों में उत्साह नजर आ रहा है। मार्केट कमेटी चेयरमैन डा. गणेश दत्त सोमवार को अनाज मंडी लाडवा में आढ़तियों व व्यापारियों के साथ चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने विधानसभा व मंडी के विकास कार्यों को लेकर आढ़तियों से विस्तार से चर्चा की और कई कार्यों को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तक पहुंचाने की जरूरत भी तय हुई। उन्होंने कहा कि व्यापारियों, किसानों सहित आम नागरिकों को सभी सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही है। अनाज मंडी में बिजली, पानी व सफाई से संबंधित सभी कार्यों को तेजी से किया जा रहा है। इसके अलावा अन्य योजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है। इसी कार्य में 3 करोड़ 50 लाख रुपए से नए सेट बनवाए जा रहे हैं। बैठक के दौरान किसानों ने आदत के भुगतान को जल्द से जल्द देने की मांग की। इस मौके पर अनाज मंडी प्रधान राजीव आर्य, रमेश बंसल, अजय सिंगल, विनोद शर्मा, बलविंदर सिंह, रामधारी, बलविंदर सिंह सहित अन्य आढ़ती व व्यापारी मौजूद रहे।

**त्योहार** लोहड़ी की पूर्व संध्या पर जमकर की खरीदारी, शहर के मुख्य बाजारों में रही रौनक

# बाजार में दुकानों पर मूंगफली, रेवड़ी और गज्जक सजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिलेभर में मंगलवार को लोहड़ी का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। पर्व की पूर्व संध्या पर सोमवार को शहर के मुख्य बाजारों में काफी रौनक रही। इस दौरान खरीदारी करने के लिए महिलाएं, बच्चे और युवा पहुंचे। बाजार में दुकानों पर मूंगफली, रेवड़ी, गज्जक सजी हैं। लोगों ने पर्व को लेकर मूंगफली, रेवड़ी और गज्जक की जमकर खरीदारी की। इस दिन लोग एक दूसरे को मिठाई व मूंगफली बांटते है। पंजाबी समुदाय के लोगों में पर्व को लेकर बेहद उत्साह देखने को मिल रहा है। लोहड़ी की पूर्व संख्या पर बाजार में लोगों ने जमकर खरीदारी की, जिससे बाजार में काफी चहल-पहल रही। भीड़ को आकर्षित करने के लिए दुकानदारों ने अपनी दुकानें विशेष रूप से सजाई थी। उत्तर भारत में लोहड़ी का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इस पर्व को मनाने के लिए लोगों ने सोमवार शाम को बाजार में जमकर खरीदारी की। इस पर्व में रात को आग जलाकर उसमें मूंगफली, रेवड़ी अखरोट के अर्घ्य देते हैं, जिसके घर बच्चे का जन्म हुआ हो, वहां पर बच्चों के गले में सूखे मेवे के हार डाले जाते हैं। यह परंपरा पिछले कई दशकों से चली आ रही है। बाजार में उमड़ी भीड़ को देखते हुए दुकानदारों ने भी ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए अपनी दुकानों को खास ढंग से सजा रखा है। वहीं युवा पीढ़ी लोहड़ी वाले दिन लोहड़ी मांगने की तैयारियों में जुटी हुई है। इस बार पहले जैसे जोश नजर नहीं आ रहा है, लेकिन फिर भी बच्चे व युवा लोहड़ी मांगने के लिए अपनी तैयारियां कर रहे हैं।




कुरुक्षेत्र। डा. अजय अग्रवाल को स्मृति चिह्न भेंट करते कार्यक्रम आयोजक।

### लोकगीत गाकर होटल में मनाया त्योहार

**कुरुक्षेत्र।** पिपली रोड स्थित एक निजी होटल में नेशनल इंटीग्रेटिड मेडिकल एसोसिएशन कुरुक्षेत्र से जुड़े डाक्टरों ने हर्षोल्लास के साथ लोहड़ी का पर्व मनाया। सदस्यों ने पारंपरिक लोक गीतों, ढोल की थाप पर नृत्य कर पर्व का आनंद लिया। इस अवसर नीमा वर्ष 2026 के प्रधान डा. अशोक बंसल ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नीमा के द्वारा लोहड़ी पर्व सभी ने मिलकर मनाया और एक दूसरे को पर्व की बधाई दी। कहा कि लोहड़ी एवं संक्रांति पर्व भाईचारे के लिए आदर्श पर्व माना जाता है। उन्होंने मकर संक्रांति के दिन की महत्वत्ता बताते हुए कहा कि इस पर्व पर सूर्य और पृथ्वी के बीच भौगोलिक परिवर्तन हो जाता है। उन्होंने कहा कि हमें इस पर्व को भाईचारे व एक दूसरे के प्रति सौहार्द की भावना को कायम रखते हुए मनाना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर अग्रवाल नर्सिंग होम के संचालक डा. अजय अग्रवाल मौजूद रहे। इस अवसर पर डा. मनीष गोयल, डा. बिमल शर्मा, डा. दिनेश चंद्र, डा. पवन वशिष्ठ, डा. सुरेश शर्मा, डा. निखिल, डा. तुलसी सरदाना, डा. मदन खन्ना, डा. सतेंद्र सैनी, डा. मेनका गोयल, डा. मीना सैनी, डा. जसप्रीत, डा. विष्णु दत्त शर्मा सहित कई चिकित्सक मौजूद रहे। मंच का संचालन डा. प्रवीण शर्मा व डा. वंदना कटारिया ने किया।

# फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर कृषि विभाग को मिला प्रतिष्ठित स्कॉच अवॉर्ड

## खेतों में आग की घटनाओं में अभूतपूर्व कमी लाने तथा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रभावी रणनीति अपनाने के लिए मिला अवॉर्ड


अंबाला। पुरस्कार के साथ कृषि अधिकारी।

**पुरस्कार प्रक्रिया अत्यंत कठोर एवं पारदर्शी रही, जिसमें तीन चरण शामिल थे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

फसल अवशेष प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट, नवाचारपूर्ण एवं परिणामोन्मुख कार्य के लिए कृषि विभाग अंबाला को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित स्कॉच अवॉर्ड-2025 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान जिले में खेतों में आग की घटनाओं में अभूतपूर्व कमी लाने तथा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रभावी रणनीति अपनाने के लिए प्रदान किया गया। यह पुरस्कार प्रक्रिया अत्यंत कठोर एवं पारदर्शी रही, जिसमें तीन चरण शामिल थे। प्रत्येक चरण में विभाग द्वारा किए गए कार्यों, रणनीतियों एवं परिणामों पर आधारित विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया गया। इसके पश्चात देशभर के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों द्वारा गहन मूल्यांकन एवं मतदान के माध्यम से अंतिम चयन किया गया।

तीनों चरणों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर जिले को यह राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हुआ। फसल अवशेष प्रबंधन के अंतर्गत अपनाई गई योजनाबद्ध, डेटा आधारित एवं फील्ड स्तर पर सख्त निगरानी वाली कार्यप्रणाली के कारण जिले में खेतों में आग की घटनाओं में ऐतिहासिक गिरावट दर्ज की गई। वर्ष 2023 में जहां 195 फायर घटनाएं दर्ज हुई थीं वहीं 2024 में यह संख्या घटकर 99 रह गई। उल्लेखनीय रूप से 2025 में पूरे जिले में केवल 8 फायर घटनाएं दर्ज की गईं। यह उपलब्धि न केवल प्रशासनिक सफलता है बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सतत कृषि की दिशा में एक राष्ट्रीय उदाहरण भी है। यह पुरस्कार प्रक्रिया अत्यंत कठोर एवं पारदर्शी रही, जिसमें तीन चरण शामिल थे। प्रत्येक चरण में विभाग द्वारा किए गए कार्यों, रणनीतियों एवं परिणामों पर आधारित विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया गया।

इसके पश्चात देशभर के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों द्वारा गहन मूल्यांकन एवं मतदान के माध्यम से अंतिम चयन किया गया। तीनों चरणों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर जिले को यह राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हुआ। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार बीते दिनों नई दिल्ली में आयोजित एक गरिमामय समारोह में प्रदान किया गया। इस अवसर पर यह सम्मान डॉ. जसविंदर सिंह, डॉ. राजेश अग्रवाल, करण सिंह, परवीन जूड, दीनदयाल शर्मा तथा मंदीप सिंह द्वारा प्राप्त किया गया। इस उपलब्धि के पीछे कृषि विभाग की समर्पित टीम, फील्ड स्तर पर कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय की महत्वपूर्ण भूमिका रही। समय-समय पर की गई समीक्षा, निरंतर फीडबैक प्रणाली, त्वरित निर्णय प्रक्रिया एवं प्रभावी मॉनिटरिंग ने फसल अवशेष प्रबंधन को एक सफल और अनुकरणीय मॉडल के रूप में स्थापित किया। पुरस्कार ग्रहण करते हुए डॉ जसविंदर सिंह ने इस सम्मान को जिले के समस्त किसानों को समर्पित किया।

### स्कॉच अवॉर्ड अंबाला की उपलब्धि : जसविंदर

डॉ. जसविंदर सिंह ने कहा कि यह सम्मान अंबाला जिले के लिए गर्व का विषय है और भविष्य में और अधिक प्रतिबद्धता, नवाचार तथा समर्पण के साथ जनहित में कार्य करने की प्रेरणा देता है। यह उपलब्धि सिद्ध करती है कि जब प्रशासन, विभागीय टीमें और किसान मिलकर कार्य करते हैं, तो जमीनी स्तर पर स्थायी और सकारात्मक परिवर्तन संभव होता है। स्कॉच अवॉर्ड 2025 जिले की प्रशासनिक दक्षता, दूरदर्शी नेतृत्व और किसानों की सहभागिता का जीवंत प्रमाण है, जो आने वाले समय में अन्य जिलों एवं राज्यों के लिए एक मार्गदर्शक मॉडल के रूप में कार्य करेगा।

## खबर संक्षेप


अंबाला। लोहड़ी मनाती महिला श्रद्धालु।

### दिव्य ज्योति जागृति संस्थान में मनाई लोहड़ी

**अंबाला।** अंबाला शहर क मॉडल टाउन स्थित दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान में लोहड़ी का पर्व* बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। उपस्थित भक्त जनों ने इस कार्यक्रम में सम्मिलित होकर आध्यात्मिक लाभ उठाया। लोहड़ी के पर्व के उपलक्ष्य में संस्थान के संस्थापक एवं संचालक *दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी नैतिकता भारती ने संस्थान की ओर से सभी शहर निवासियों को हार्दिक बधाई देते हुए गुरुदेव आशुतोष महाराज की प्रेरणाओं से ओतप्रोत प्रवचनों में कहा कि प्रत्येक त्योहार एवं पर्व अपने भीतर आध्यात्मिक रहस्यों को समेटे हुए हैं लेकिन आज हमें उस माध्यम की आवश्यकता है जिसके द्वारा हम इनके आध्यात्मिक मर्म को जान पाएं। जैसे घर के भीतर कोई व्यक्ति बैठा हो और बाहर जाना चाहता हो तो वह बाहर जाने के लिए एक द्वार की खोज करता है इसी प्रकार प्रत्येक मानव अपनी एक विचारधारा के दायरे में रहता है उससे बाहर वह तभी निकल पाता है जब उसे ब्रह्मनिष्ठ संत रूपी द्वार मिल जाता है।

### हेरोइन सहित व्यक्ति काबू, जांच जारी

**बराड़ा।** एंटी नारकोटिक्स सैल (एएनसी) की टीम ने कार्रवाई करते हुए 24 ग्राम 05 मिलीग्राम हेरोइन सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एएनसी निरीक्षक ऋषि पाल के नेतृत्व में पुलिस टीम अपराध नियंत्रण हेतु गश्त पर तैनात थी। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि रिफायत खान उर्फ निशु पदार्थों की तस्करी में संलिप्त है। वह अधोया चौक से हेरोइन लेकर पैदल गुजरने वाला है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए एएनसी टीम ने अधोया चौक के पास नाकाबंदी की। कुछ ही देर में पैदल आ रहे एक संदिग्ध युवक को काबू किया गया। नियमानुसार तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 24 ग्राम 05 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी की पहचान रिफायत खानु के रूप में हुई। एएनसी निरीक्षक ऋषि पाल ने बताया कि पुलिस नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति पर कार्य कर रही।

## सीवरेज की अंडरग्राउंड लाइन डालते समय 40 रिहायशी भवनों में गंदे पानी की सप्लाई

# लोग बोले, बीसी बाजार को इंदौर न बनाएं, गंदे पानी से हो रहे बीमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

गंदे पानी की समस्या से जूझ रहे बीसी बाजार के निवासियों ने शुक्रवार को विभागीय अधिकारियों के समक्ष रोष जताया। गुस्साए लोगों ने यहां तक कह दिया कि उनके क्षेत्र को इंदौर न बनाएं। कहीं ऐसा न हो कि बीमारी के कारण किसी की जनहानि हो जाए। यह सुनकर विभागीय अधिकारी भी हैरान-परेशान हो गए। उन्होंने स्थानीय लोगों की शिकायत सुनकर इस समस्या के त्वरित समाधान के निर्देश दिए, वहीं मौके पर पानी के अतिरिक्त टैंकर को भी मंगवाया गया ताकि स्थानीय निवासियों को राहत मिल सके। स्थानीय निवासियों ने बताया कि 15 दिन पहले उनके क्षेत्र में सीवर की भूमिगत पाइप लाइन डाली गई थी, इस दौरान लगभग 40 से अधिक घरों के पानी की पाइप लाइन टूट गई, जिसे लोगों ने अपने खर्च पर दुरुस्त करवाया, इसके बाद पानी के साथ गंदगी भी आने लगी और लोग बीमार हो गए। घर में रहने वाले छोटे बच्चे उलटी-दस्त से पीड़ित हो गए और उन्हें तुरंत उपचार उपलब्ध करवाया गया, लेकिन समस्या ज्यों की त्यों बनी रही। यहां के रहने वाले राहुल ने बताया कि सीवर की गंदगी पानी के साथ घर में आ रही थी। बदबू व गंदगी से जीना मुहाल हो गया। पांच दिन तक लगातार विभाग के टोल फ्री नंबर पर शिकायत दर्ज करवाई, लेकिन झूठे आश्वासन के अलावा कोई कार्रवाई नहीं हुई। यहीं के विजय शर्मा ने बताया कि पीने के पानी में लगातार गंदगी आ रही है। बच्चे और परिजन बीमार हो रहे थे। जब टोल फ्री नंबर पर सीएम विंडो पर शिकायत देने की बात हीं तो विभागीय अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने समस्या समाधान का आश्वासन दिया। यहां के रहने वाले सन्नी व जंगी ने बताया कि जब से क्षेत्र में गंदा पानी आने लगा तो बच्चों व खुद की सुरक्षा के लिए पानी खरीद कर पीने लगे हैं।


अंबाला। खुले सीवरेज की रिपेयर का दृश्य।

### घरों में लोग हो रहे बीमार

गंदा पानी यहां पर पिछले 15 दिन से चल रहा है। बावजूद इसके घर के बुजुर्ग और बच्चे बीमार पड़ गए। जब डाक्टर को दिखाया तो वो बोले की गंदे पानी की वजह से यह समस्या है। गंदे पानी की समस्या को लेकर कई बार शिकायत की, लेकिन समाधान नहीं हुआ। अब तो धरना देने की नौबत आ गई थी। बिना पानी के घर के काम करने में काफी परेशानी हो रही थी। दूसरे क्षेत्र से पानी भरकर लाना पड़ रहा था। जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ बलिंद्र ने बताया कि समस्या संज्ञान में आई थी। एक्सईएन के साथ मौके का मुआयना किया गया है। समस्या समाधान तक पानी के टैंकर का बंदोबस्त कर दिया गया है ताकि स्थानीय निवासियों की परेशानी कुछ कम हो सके।

### अंबा मार्केट में सीवरेज लीक दुकानदार बेहद परेशान

**अंबाला।** अंबाला शहर के बस स्टैंड से सटी अंबा मार्केट में नाला व सीवरेज लीक होने के कारण गंदे पानी की निकासी नहीं हो रही। यह गंदा पानी यहां बने जूतों के शोरूम और दुकानों के बाहर जमा हो गया है। यह स्थिति अब की नहीं है, बल्कि पिछले पांच वर्ष से ऐसी समस्या बनी हुई है। इस समस्या को लेकर कई बार यहां के स्थानीय दुकानदारों की ओर से नगर निगम में अधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है, अभी तक इस समस्या का समाधान नहीं हुआ, यही दुकानदारों की ओर से सीएम विंडो पर शिकायत भी की गई, इसके बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। दुकानदार राजकुमार, हरजिंद्र सिंह, हरमीत सिंह, विक्की शर्मा ने बताया कि यहां करीब पांच वर्ष से सीवरेज पानी की निकासी की समस्या बनी हुई है। मार्केट के पीछे ही नया बस स्टैंड बनाया गया है, पहले बस स्टैंड के पास से होते हुए गंदे पानी की निकासी होती थी, लेकिन बस स्टैंड का लेवल ऊंचा उठाया गया, इस वजह से नाले का पानी वापस मार्केट की तरफ ही मार कर रहा है। दूसरी तरफ अग्रसेन चौक के पास कार्यशाला की तरफ इस पानी की निकासी होती थी लेकिन पुल के नीचे नाला बंद होने से यहां निकासी नहीं हो रही है। दुकानदार सोमनाथ ने बताया कि इस समस्या को लेकर दो बार सीएम विंडों पर शिकायत की गई थी, इस शिकायत पर कोई सुनवाई नहीं हुई।

**शिकायत के बावजूद समस्या का नहीं हो रहा समाधान**

#### दुकानों के आगे बना तालाब, गंदगी फैली

दुकानों के आगे बिना बारिश के ही तालाब बन गया है। सीवरेज के गंदे पानी से जलभराव होने पर यहां बदबू भरा माहौल बना हुआ है। ग्राहकों को भी इन शोरूम व दुकानों में जाने के लिए दूर जगह से होकर आना पड़ता है और दुकानों के अंदर भी सीवरेज के गंदे पानी के कारण बदबू फैल रही है। इस क्षेत्र में सफाई व्यवस्था पर भी ज्यादा जोर नहीं दिया जा रहा है, जिससे दुकानदार यहां नारकीय जीवन जीने पर मजबूर हो रहे हैं।


अंबाला। योजना के शुभारंभ पर भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

### दो वार्डों में विकास की बहेगी बयार

## 1.68 करोड़ रुपये की लागत से कई योजनाओं पर होगा काम

**पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल के प्रयासों से पूरी विधानसभा का हो रहा है निरंतर विकास**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

अंबाला शहर में विकास की रफ्तार लगातार तेज होती जा रही है। पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल के निरंतर प्रयासों से शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी विकास की ब्यार बह रही है।

हर रोज़ करोड़ों रुपये की लागत से नए विकास कार्य शुरू हो रहे हैं, जिससे आम जनता को बुनियादी सुविधाओं का लाभ मिल रहा है।

इसी कड़ी में अंबाला शहर के दो वार्डों में करीब 1 करोड़ 68 लाख रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया। इन विकास कार्यों में सड़कों, गलियों और अन्य आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने से जुड़े प्रोजेक्ट शामिल हैं। इस मौके पर सीनियर डिप्टी मेयर प्रतिनिधि सुंदर ढींगरा और निगम सदस्य अर्चना छिब्बर ने मुख्यमंत्री नायब सैनी और पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि असीम गोयल के प्रयासों से अंबाला शहर विकास के पथ पर तेज गति से आगे बढ़ रहा है। आने वाले समय में शहर को और भी कई बड़ी सौगातें मिलने वाली हैं।

#### ये रहे मौजूद

विकास कार्यों के शुभारंभ अवसर पर भाजपा दुर्गा नगर मंडल अध्यक्ष गुरविंदर सिंह, शहर मंडल अध्यक्ष अमन सूद, महामंत्री संजीव गोयल टोनी, निगम सदस्य हितेश जैन,अर्चना छिब्बर,भाजपा नेता अनिल गुप्ता,चंद्रमोहन फौजी, गुरप्रीत कौर,राजबीर सिंह,नीरज व अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं और नागरिकों की उपस्थिति रही।

## कार्यक्रम में युवाओं ने स्वदेशी संकल्प दौड़ लगाई

**स्वामी विवेकानंद के विचारों तथा युवाओं की राष्ट्र निर्माण में भूमिका पर प्रकाश डाला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। शहजादपुर

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर मेरा युवा भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में राजकीय आईटीआई भारांपुर में प्रधानाचार्य सुलतान सिंह के दिशा निर्देशन में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर रन फॉर स्वदेशी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में स्वदेशी जागरण मंच जिला के सदस्य डॉ ऋषि धीमान व स्वदेशी जागरण मंच शहजादपुर खंड के सदस्य मुकेश राणा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय युवा दिवस के महत्व, स्वामी विवेकानंद के विचारों तथा युवाओं की राष्ट्र निर्माण में भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर संस्थान के छात्र-छात्राओं द्वारा रन फॉर स्वदेशी कार्यक्रम के तहत स्वदेशी संकल्प दौड़ निकाली गई। कार्यक्रम के अंतर्गत सेमिनार एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के प्रशिक्षार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वक्ताओं ने युवाओं को सकारात्मक सोच, अनुशासन एवं सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया। सभी प्रतिभागी छात्र- छात्राओं को मेरा युवा भारत जिला के सदस्यों द्वारा पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया ।

### राष्ट्र के निर्माण में अहम भूमिका निभा सकते हैं युवा



**अंबाला।** गवर्नमेंट पीजी कॉलेज अंबाला कैंट में राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद के विचारों पर विमर्श के लिए एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. देश राज बाजवा ने की। इस अवसर पर विद्यार्थियों को राष्ट्रसेवा, अनुशासन, स्वदेशी भावना एवं आत्मनिर्भर भारत के मूल्यों पर आधारित शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान डॉ. अतुल यादव ने एक प्रेरक भाषण दिया, जिसमें उन्होंने स्वामी विवेकानंद के विचारों एवं युवाओं की राष्ट्र निर्माण में भूमिका पर प्रकाश डाला।

### छात्रों ने स्वदेशी मूल्यों को अपनाने की शपथ ली

**बराड़ा।** एमपीएन कॉलेज में रेड रिबन सेल, एनसीसी (सीनियर विंग व सीनियर डिवीजन) तथा एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में रन फॉर स्वदेशी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद की 164वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. राजश्री खरे के प्रेरणादायी संबोधन से हुई। उन्होंने स्वदेशी मूल्यों, आत्मनिर्भर भारत, शारीरिक फिटनेस, टीम वर्क और राष्ट्रीय एकता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि "स्वदेशी हमारी संस्कृति की पहचान है, इसे अपनाकर ही भारत को विश्व गुरु बनाया जा सकता है।

## मिस फ्रेशर का खिताब इवेंजलिन को मिला

**रनर-अप का सम्मान मिस रोज़ी को मिला मिस कॉन्फिडेंट का खिताब महिमा को**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला


अंबाला। पार्टी में सम्मानित नर्सिंग की छात्राएं।

फिलाडेल्फिया अस्पताल के स्कूल ऑफ नर्सिंग में प्रथम वर्ष के नर्सिंग विद्यार्थियों के लिए एक यादगार, भावनात्मक और प्रेरणादायी फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। इस रंगारंग कार्यक्रम का स्नेहपूर्ण आयोजन द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा किया गया, जिसमें नर्सिंग के 102वें बैच का पूरे उत्साह, अपनत्व और गरिमा के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल ऑफ नर्सिंग की प्राचार्या एवलिन मलिक द्वारा की गई प्रार्थना से हुआ, जिसने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया। इसके पश्चात अस्पताल के निदेशक डॉ. सुनील सादिक का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इसके बाद शुरू हुआ उत्सवों और प्रतिभा का अद्भुत सिलसिला नर्सिंग विद्यार्थियों की आकर्षक कैटवॉक, मनमोहक नृत्य, मधुर गायन, मनोरंजक खेल और जीवंत प्रस्तुतियों ने सभागार को तालियों और मुस्कानों से भर दिया। स्कूल ऑफ नर्सिंग के संकाय सदस्यों तथा प्रशासनिक कार्यालय की ओर से दी गई सरप्राइज प्रस्तुति ने सभी को भावविभोर कर दिया और इसे दर्शकों से विशेष सराहना मिली। जैसे ही "ज़िंदगी एक सफ़र है सुहाना" गीत की धुन बजी, पूरा सभागार झूम उठा और विद्यार्थियों व स्टाफ ने मिलकर इस पल को अविस्मरणीय बना दिया।

### कार में आग लगाने की घटना अभी तक नहीं सुलझी

**अंबाला।** बलदेव नगर थाने में व्यक्ति द्वारा मारुति 800 कार खड़ी करके आग लगाने के मामले की गुत्थी 48 घंटे बाद भी अनसुलझी है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि कार के असल मालिक की डेढ़ साल पहले ही मौत हो चुकी है। एएसपी उत्तम ने बताया कि गाड़ी के नंबर के आधार पर दिल्ली के असल मालिक तक पहुंचे थे लेकिन पता चला है कि डेढ़ साल पहले की उनकी मौत हो चुकी है। उनके परिजनों ने बताया है कि उन्हें गाड़ी ट्रांसफर होने की जानकारी नहीं थी व आगे कहां बेची गई है ये भी जानकारी नहीं है। थाने में गाड़ी में आग लगने के बाद जब बॉम्ब स्क्वायड टीम पहुंची तो जांच शुरू की। जिसमें गाड़ी में सिलेंडर पाए गए, फिलहाल इस मामले में हर पहलू से जांच की जा रही है। ये था मामला अंबाला के बलदेव नगर थाने में 10 जनवरी को एक व्यक्ति ने मारुति 800 कार नंबर डीएल 3सीजेड6681 खड़ी करके उसमें आग लगा दी थी। इसकी वीडियो बनाकर कई जगह भेज दी थी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### विश्व जागृति मिशन के संयुक्त तत्वावधान में लोहड़ी व मकर संक्रांति पर्व मनाया

# 'आना है तो आ राह में कुछ फेर नहीं है, भगवान के घर देर है अंधेर नहीं है'...

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला


अंबाला। कार्यक्रम के दौरान मौजूद गायक व आयोजक।

विश्व जागृति मिशन अंबाला मंडल एवं मधुरम म्यूजिक एंड आर्टिस्ट हॉनर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में पुरानी घास मंडी के नजदीक अमृत भवन में सांय संगीतमयी लोहड़ी व मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष्य में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान गुदगुदी जंक्शन समूह के अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़ मुख्यातिथि रहे। गुदगुदी जंक्शन के गायकों और कलाकारों ने लोहड़ी के परम्परागत लोक गीतों की प्रस्तुतियों से समां बांधा। कार्यक्रम संयोजक एवं अमृत भवन के संचालक अनिल नैय्यर,मधुरम संस्था के संस्थापक पवन कुमार नंदा और सह संस्थापक हरिंदर शर्मा ने मुख्यातिथि सहित सभी गायकों और कलाकारों का स्वागत करके सम्मानित किया। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ जिसमें मुख्य वक्ता ललित चावला ने लोहड़ी व मकर संक्रांति पर्व की महत्ता बताई। मुख्यातिथि चंद्रमौलि गौड़ ने मधुरम म्यूजिक एण्ड आर्टिस्ट हॉनर फाउंडेशन को गुदगुदी जंक्शन समूह की सहयोगी संस्था के रूप में शामिल करने की घोषणा की।

#### इन गीतों पर दी प्रस्तुति

मधुरम के संस्थापक पवन कुमार नंदा ने बताया कि यह संस्था गीत संगीत एवं कला के क्षेत्र में उभरते गायकों व कलाकारों को प्रोत्साहन देती है। कार्यक्रम में राजेश सभरवाल ने 'भगवान है कहां रे तू'.., अमीषा ने 'तोरा मन दर्पण कहलाए'.., इंद्र शर्मा ने ₹तू प्यार का सागर है तेरी इक बूंद के प्यासे हम'.., हरिंदर शर्मा ने 'ले के पूजा की थाली ज्योति मन की जगा ली'.., जितेंद्र नाथ शर्मा ने 'तेरे पूजन को भगवान बना मन मंदिर आलीशान'.., अनिल नैय्यर ने 'आना है तो आ राह में कुछ फेर नहीं है भगवान के घर देर है अंधेर नहीं है'.., अश्वनी शर्मा ने 'सुख के सब साथी दुख में न कोय'.., पवन कुमार नंदा ने 'तेरे द्वार खड़ा भगवान भगत भर दे रे झोली'... आदि भजनों के साथ कई मनोरंजक गीत सुनाए। वहीं,कामना एवं साथियों ने पंजाबी मनोरंजक सॉन्ग ₹ससस नूंह दी लड़ाई₹ और 'सुंदर मुंदरिये हो तेरा कौन विचारा हो, दुल्ला भट्टी वाला हो'... की शानदार प्रस्तुति दी। मंच का संचालन विमल बत्रा ने शब्दों को बहुत ही खूबसूरती से पिरोकर किया। कार्यक्रम के पश्चात लोहड़ी मनाकर प्रीतिभोज दिया गया। इस अवसर पर गुदगुदी जंक्शन अम्बाला के वरिष्ठ पदाधिकारी डॉ.संजय गौतम,कार्यालय प्रभारी मंदीप शर्मा,डॉ.संदीप भारद्वाज,अनिल वर्मा,सुनील कौशल,अनिता आहूजा,शशि गुप्ता,सुनीता बडोला, विशाखा और कीर्ति सहित बड़ी संख्या में दर्शक शामिल रहे।